पंचदश बिहार विधान-सभा के आरम्भ से अतारांकित प्रश्नों को वेबसाइट पर डालने के संबंध

प्रथम वर्ष-1

(1) पंचदश बिहार विधान-सभा के आरम्भ सत्र के अतिरिक्त अतारांकित प्रश्न कुल - 37 ✓

वर्ष - 2 अतारांकित

(2) " " " "

कुल 53 प्रश्न

वर्ष - 3

(3) " " " "

अतारांकित प्रश्न कुल 381 ✓

वर्ष-4

(4) " " " "

कुल 93 अतारांकित प्रश्न

वर्ष-5

(5) " " " कुल 151 ✓

अतारांकित प्रश्न

उपर्युक्त पंचदश बि. सभा के वर्ष-1 से 5 तक के अतारांकित प्रश्नों को [illegible] पर डाला जाय।

[illegible] 13

पंचदश जिला (विधान-सभा) के प्रारूप-4 के आपत्ति प्रपत्रों को वेबसाइट पर डालने से संबंधित

वर्ग-1

(1) पंचदश जिला (विधान-सभा) के प्रारूप-4 के आपत्ति प्रपत्र - 11

वर्ग-2

(2) " "

कुल 07 (सात) आपत्ति प्रपत्र

वर्ग-3

(3) " " " 38 आपत्ति प्रपत्र

वर्ग-4

(4) " " " 23 आपत्ति प्रपत्र

वर्ग-5

(5) " " " कुल 15 आपत्ति

प्र 25

उपर्युक्त पंचदश वि.स. के प्रारूप [illegible] के फार्म (1) से (2) तक के सभी [illegible] को [illegible] भेजा गया।

[illegible]
2/9/2013

अशोक स्तंभ

सत्यमेव जयते

पंचदश बिहार विधान-सभा के अष्टम सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्न

प्रश्न वर्ग-1

विषय सूची

| क्रमांक | विभागों का नाम | प्रश्नों की संख्या | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| 1. | गृह | 17 | |
| 2. | उद्योग | 1 | |
| 3. | वित्त | 1 | |
| 4. | मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) | 2 | |
| 5. | सामान्य प्रशासन | 1 | |
| 6. | कारा | 1 | |
| 7. | अल्पसंख्यक कल्याण | 7 | |
| 8. | गन्ना उद्योग | 2 | |
| 9. | सांस्थिक वित्त | 3 | |
| 10. | सूचना प्रावैधिकी | 2 | |

कुल - 37

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 32. | ईख-2 | श्री सचीन्द्रप्रसाद सिंह | कटाई करना | गन्ना उद्योग | 128 |
| 33. | पार्टि-1 | " परमानन्द अर्थविद | पो० ऑ० खोलना | सांख्यिक वित्त | 12845/ |
| 34. | पार्टि-2 | " रमेश अर्थविद | बैंक खोलना | " | 12846/22 |
| 35. | पार्टि-3 | " सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार | संचालित करना | " | 12847/22.4.13 |
| 36. | सू-1 | " राजेश्वर राज | कम्प्यूटर सिखाना | सूचना प्रौद्योगिकी | 12843/22.4.13 |
| 37. | सू-2 | " " " | शुरू करना | " | 12844/22.4.13 |

श्री विनय बिहारी,स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-1,क्या मंत्री,गृह ‖आरक्षी‖ विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि 94 बैच के 800 पुलिस अवर निरीक्षकों की प्रोन्नति सेवाकाल के 20 वर्ष बाद भी नहीं की जा सकी है,यदि हां तो क्या सरकार उपर्युक्त बैच के एस०आई० को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति देने का विचार रखती है,हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

श्री अब्दुल बारी सिद्धिकी,स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-2, क्या मंत्री, गृह आरक्षी विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-पूरे राज्य में कितने ऐसे मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान हैं जिसकी घेराबंदी अभी तक नहीं की गयी है और सरकार कबतक उन कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है,यदि नहीं तो क्यों ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

श्री विनय बिहारी, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-3, दिनांक-21 जनवरी 2013 को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित "आखिर कहाँ हो रही पुलिस गश्ती" के संदर्भ में क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है प० चम्पारण जिला अन्तर्गत बेतिया-नौतन मुख्य पथ पर लूट-पाट एवं शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों घर का ताला तोड़कर मोटरसाईकिल की लगातार चोरी की घटना ने पुलिस की संवेदनहीनता की पोल खोल दी है,

2. क्या यह बात सही है कि पुलिस उप महानिरीक्षक, चम्पारण रेंज, बेतिया तथा पुलिस अधीक्षक, बेतिया द्वारा रात्रि गश्ती हेतु बार-बार निर्देशित करने के बावजूद कनिय पदाधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार अपराधियों पर ~~बचाने बनाने~~ काबू करने हेतु रात्रि गश्ती को और अधिक सशक्त बनाते हुए आधुनिक तरकीब से से अपराध लगाम लगाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

~~श्री मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा~~

श्री अरुण शंकर प्रसाद, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-4, क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के सिमावर्ती हरलाखी, मधवापुर एवं बासोपट्टी प्रखंडों के रास्ते नेपाल से हजारों पशुओं को बड़े पैमाने पर तस्करी के लिए बाहर ले जाया जाता है,

2. क्या यह बात सही है कि पशु तस्करी के कारण दुधारू पशुओं की सीमावर्ती प्रखंडों में कमी हो रही है । जिससे स्थानीय प्रशासन पशुओं के तस्करी रोकने में विफल साबित हो रही है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक पशु तस्करी रोकने तथा इसमें संलग्न लोगों पर कौन सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

ी जय कुमार सिंह,स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-ए-5, क्या मंत्री, गृह (पुलिस) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य पुलिस ने 2014 तक सभी थाना भवनों के निर्माण का लक्ष्य रखा है,

2. क्या यह बात सही है कि राज्य में 87.9थाने हैं, जिसमें 555 थानों का अपना भवहीं है,यदि हां तो थाना भवन निर्माण का अद्यतन प्रतिवेदन क्या है?

श्री अरुण शंकर प्रसाद,स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-ए-6,स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 06फरवरी,2013 को प्रकाशित शीर्षक में कर्मियों की कमी,पंगु बनी विशेष निगरानी इकाई" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, विशेष विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार में विशेष निगरानी विभाग में डी०आई० जी० के एक सृजित पद के विरुद्ध शून्य,एस०पी० के छ: पदों के विरुद्ध शून्य,डी०एस०पी०के दस पदों के विरुद्ध एक,इन्सपेक्टर के दस पदों के विरुद्ध चार,एस०आई० तीन के विरुद्ध एक एवं सिपाही के पन्द्रह पदों के विरुद्ध मात्र चार कार्यरत हैं,

2. क्या यह बात सही है कि उक्त पदों पर अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के भारी कमी के कारण उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ कारगर कार्रवाई में कठिनाई हो रही है ,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है,हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

श्री पवन कुमार जायसवाल,स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-ए-7,क्या मंत्री, गृह विशेष विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राज्य योजना अंतर्गत वर्ष-2010-11 में 9,067 लाख तथा वर्ष- 2011-12 में 8,553 लाख रुपये अर्थात कुल 17,620 लाख रुपये प्रदेश के कब्रिस्तानों की घेराबंदी हेतु राशि आवंटित किया गया है,

2. क्या यह बात सही है कि अभी तक प्रदेश में 2543 कब्रिस्तानों की घेराबंदी हो पाये हैं तथा 5521 कब्रिस्तानों की घेराबंदी नहीं की गई है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार प्रदेश के अवशेष 5521 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है,यदि हां तो कबतक, और नहीं तो क्यों ?

श्री पवन कुमार जायसवाल, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-8, क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में एस०आर०ई० योजना में शामिल नक्सल प्रभावित 15 जिलों में इस योजना से उग्रवादियों द्वारा जातीय हिंसा में मारे गए आम नागरिकों को अनुग्रह अनुदान स्वरूप एक लाख रूपये देने का प्रावधान है,

2. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 उग्रवादी घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान/मुआवजा के रूप में कुल 31,60,000/- रूपये मात्र दिया गया है,

3. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के मधुबनी घाट निवासी नन्दलाल प्रसाद सहित राज्य के कई जिलों में उग्रवादियों द्वारा मारे गये आम-जन के परिजनों को अनुग्रह/मुआवजा राशि नहीं मिल पाया है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उग्रवादियों द्वारा जातीय हिंसा में मारे गये आम-जन के अनुग्रह अनुदान/मुआवजा राशि से वंचित परिजनों को राशि दिलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-9, क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिये मुख्यालय स्तर पर पुलिस महानिदेशक, बिहार के नियंत्रण में आर्थिक अपराध नियंत्रण इकाई का कब गठन किया गया है, और पुलिस महानिरीक्षक स्तर के पदाधिकारी को इसका कब प्रभारी बनाया गया है, जिसका कार्य क्षेत्र पूरा बिहार है,

2. यदि प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अबतक इस इकाई में कुल कितने मामले प्रतिवेदित हुये और उनमें से कितने मामलों का निष्पादन हो चुका है ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-10, क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका थाना क्षेत्र के जितवारपुर गाँव से उत्तर आमदा गाछी के निकट बराबर अपराधिक घटनाएँ घटती रहती हैं,

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर दिनांक-07.01.2012 को अपराधियों द्वारा जगरनाथ झा को गोली मारकर घायल किया जिसका कांड सं०-5/12 रहिका थाना तथा बगल के आमादा गांव में डकैती का रहिका थाना कांड सं०-192/12 दर्ज है,

3. क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल रहिका थाना से 15 कि०मी० एवं राजनगर थाना से 14 कि०मी० तथा कलुआही थाना से 12 कि०मी० पर अवस्थित है उक्त स्थल पर पुलिस कैम्प थी, जिसे 3 महीना पूर्व हटा लिया गया है,

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो ~~क्या~~ सरकार आमदा गाछी के निकट नया ओ०पी० की स्थापना कर अपराधिक घटना से रोकने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री जय कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-11, क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पुलिस हस्तक नियम के अनुसार सभी पुलिस अधीक्षकों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों को एक वित्तीय वर्ष में सभी पोस्टों का निरीक्षण करना है, साथ ही सभी जिला पदाधिकारी को भी कुछ पोस्टों का निरीक्षण स्वयं करना है जिसमें पुलिस अधीक्षक का कार्यालय भी सन्निहित है,

2. यदि उपर्युक्त खंड-(1) का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार 2012-13 वित्तीय वर्ष में कितने पोस्टों का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी के द्वारा किया गया?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

श्री रामलखन राम [रमण] स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-ए-12, क्या मंत्री, गृह [आरक्षी] विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा किनारे अवस्थित, मधवापुर, हरलाखी, देवधा, जयनगर, लौकहा एवं लौकही थानों में जीप गाड़ियों की कमी है, जिसे रात्रि-गश्ती एवं अन्वेषण कार्यों में बड़ी कठिनाइयां होती हैं,

2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त थानों में जो भी गाड़ियां उपलब्ध हैं वह जर्जर अवस्था में है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त थानों में नई जीप गाड़ियां उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

श्रीमती पूनम देवी यादव, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-ए-13, क्या मंत्री, गृह [विशेष] विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगेकि-क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड के रसौंक ग्राम में खाता नं०-361 खेसरा नं०-954 रकवा 1 एकड़ 4डिसमिल, खाता नं०-106 खेसरा नं०-1408 रकवा 0.23 एकड़, खाता नं०-360 खेसरा नं०-1392 रकवा 0.23 एकड़ एवं खाता नं०-14 खेसरा नं०-1628 रकवा 5 कट्ठा में कब्रिस्तान है जिसकी घेराबन्दी अब तक नहीं की गई है, यदि हां तो क्या सरकार इसे चालू वित्तीय वर्ष में घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

श्रीमती पूनम देवी यादव, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-ए-14, क्या मंत्री, गृह [विशेष] विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड के उत्तर माडर पंचायत के ग्राम मथुरा में खाता नं०-278 खेसरा नं०-654 रकवा 3 कट्ठों में स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी अब तक नहीं की गई है, यदि हां तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

डा० अच्युतानन्द, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-15, स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के दिनांक-04 जून 2012 को प्रकाशित शीर्षक "फर्जीवाड़ा: किस सिपाही का पेंशन उठा रही विधवा ?को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड के फतेहपुर गाँव के स्व० राम लगन सिंह की विधवा गुलाबो देवी को एक मृत सिपाही की पत्नी के रूप में वर्ष 1989 से पारिवारिक पेंशन का लाभ मिल रहा है जबकि स्व० राम लगन सिंह ने अपने जीवन काल में कभी पुलिस विभाग में नौकरी की ही नहीं,

2. क्या यह बात सही है कि पुलिस अधीक्षक वैशाली और भोजपुर ने लिखित रूप में बताया है कि राम लगन सिंह नाम का कोई व्यक्ति कभी उनके जिला बल में सेवारत था ही नहीं,

3. क्या यह बात सही है कि किसी सरकारी सेवक की पहली पत्नी ही पेंशन की हकदार है जबकि श्रीमती गुलाबो देवी, राम लगन सिंह की तीसरी पत्नी हैं,

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार फर्जी ढंग से पेंशन प्राप्त कर रही गुलाबो देवी द्वारा अवैध ढंग से ली गयी पेंशन की वसूली करते हुये उनके विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री गोपालजी ठाकुर, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-16, क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभागयह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलांतर्गत बहेड़ी प्रखंड मुख्यालय में अग्निशामक यंत्र नहीं है,

2. क्या यह बात सही है कि बहेड़ी प्रखंड में 27 पंचायत है,

3. क्या यह बात सही है कि अग्निशामक यंत्र नहीं रहने के कारण 27 पंचायतों के ग्रामीणों को अग्निकांड होने पर समय पर राहत नहीं मिलता है,

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बहेड़ी प्रखंड मुख्यालय में अग्निशामक यंत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री संजय सिंह टाइगर, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-17, क्या मंत्री गृह (आरक्षी) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा शहर के रमगढ़िया अबरपुल के इलाके में पिछले तीन वर्षों से लूट छिनतई और हत्या की 35 घटनाओं की प्राथमिकी आरा टाउन थाना में दर्ज है,

2. क्या यह बात सही है कि धरहरा से बड़ी मस्जिद चौक तक अति संवेदनशील ईलाका है तथा अनेक आपराधिक घटनाएँ पिछले तीन वर्षों में घटी है तथा इस इलाके में विगत 10 वर्षों से पुलिस चौकी स्थापित करने की माँग उठती रही है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने का यथा शीघ्र विचार रखती है, नहीं तो क्यों (हाँ तो कबतक ?

उद्योग स्थापित करना

डा० अच्युतानन्द, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-रे-1, दैनिक समाचार पत्र के दिनांक-1/1/13 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि पिछले 6 वर्षों में राज्य में उद्योगों के 533 प्रस्तावों पर सहमति दी गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी तक 533 में से मात्र 149 उद्योग ही स्थापित किए जा रहे हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार शेष उद्योगों को स्थापित कराने हेतु कौन सी कार्रवाई पर विचार कर रही है और कबतक ?

--------

श्री विनय बिहारी, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-ग-1, दिनांक-21.01.13 को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "एसबीआई व बीओआई की उपलब्धि असंतोषजनक :डीएम" के संदर्भ में क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला में भूजल सिंचाई योजना के लिए सभी बैंकों को 2200 यूनिट लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए निर्धारित किया गया है, जो मात्र 922 यूनिट की स्वीकृति तथा 333 यूनिटों में राशि की स्वीकृति दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना को सफलीभूत बनाने में सबसे ज्यादा कोताही एसबीआई तथा बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं ने की है :

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार योजना में कोताही करने वाले बैंकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या-ङ-1, क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय॥अरा राजभाषा॥ विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1॥ क्या यह बात सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, पारू, जिला-मुजफ्फरपुर ने वहां पदस्थापित उर्दू अनुवादक का वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 के कुल 6 माह॥छ:॥ का वेतन अकारण बन्द कर रखा है ,:

2॥ क्या यह बात सही है कि उक्त उर्दू अनुवादक के वेतन का भुगतान करने हेतु जिला प्रभारी पदाधिकारी उर्दू कोषांग मुजफ्फरपुर ने वर्ष 2012 के माह सितम्बर एवं नवम्बर में प्रखंड विकास पदाधिकारी निदेश दिया है , उसके बावजूद भी वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है ,:

3॥ यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उक्त उर्दू अनुवादक के वेतन का भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या-ङ-2, क्या मंत्री, नागरिक विमानन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि कटिहार हवाई अड्डा का चारो ओर शरीफगंज, गोशाला, हुदरिया एवं गड़ीघाट मुहल्लावाले से अतिक्रमण हो गया है, यदि हां तो सरकार कबतक इसे अतिक्रमणमुक्त कर इसको घेराबन्दी कराने का विचार रखती है ?

-----

श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या-अ-1, क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1॥ क्या यह बात सही है कि विभाग के उपसचिव ने पत्रांक-7365, दिनांक-29.06.2011 द्वारा जिला पदाधिकारी औरंगाबाद को चतुर्थवर्गीय कर्मियों के पैनल निर्माण का मार्ग दर्शन देते हुए प्रतिवेदन देने का निदेश दिया था, जिसका अनुपालन अभी तक लंबित है ;

3॥ यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त चतुर्थवर्गीय कर्मियों के पैनल का निर्माण कराकर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

------

Optimized by www.ImageOptimizer.net

श्री पवन कुमार जायसवाल, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-कारा-1, क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1। क्या यह बात सही है कि राज्य के काराओं में निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने हेतु मानव संसाधन विभाग के सहयोग से प्रेरणा कार्यक्रम वर्ष 2010-11 में प्रारंभ किया गया है,

2। क्या यह बात सही है कि मानव संसाधन विभाग द्वारा 23 लाख रूपये प्रेरणा कार्यक्रम हेतु स्वीकृत हुआ तथा अब तक 9 हजार बंदी ही लाभान्वित हुए ;

3। क्या यह बात सही है कि मानव संसाधन विभाग ने निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने हेतु वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रेरणा कार्यक्रम में राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है ;

4। यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार प्रेरणा कार्यक्रम में राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों नहीं ।?

---

श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-अल्प-1, क्या मंत्री, अल्प संख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1। क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारून प्रखंड में एक भी अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं है ;

2। यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अल्पसंख्यक छात्रावास बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

श्री जनक सिंह, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-अल्प-2, क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1। क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर तरैया एवं पानापुर प्रखंडों में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं है ;

2। क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रखंडों में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं होने से अल्पसंख्यक छात्रों को पढ़ने में कठिनाई होती है ;

3। यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसुआपुर, तरैया एवं पानापुर प्रखंडों में अल्पसंख्यक छात्रावास बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

छात्रावास बनाना

श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-अल्प-3, क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही हैकि कटिहार जिला के मनिहारी में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए एक भी छात्रावास नहीं है, यदि हाँ तो सरकार कबतक वहाँ अल्पसंख्यक के लिए एक छात्रावास के निर्माण करने का विचार रखती है, और नहीं तो क्यों ?

------

श्री प्रेम रंजन पटेल, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-अल्प-4, क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1। क्या यह बात सही हैकि लक्खीसराय जिला में अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास के निर्माण की स्वीकृति 2006 में की गयी थी ;

2। क्या यह बात सही हैकि छात्रावास निर्माण का शिलान्यास मा० मुख्यमंत्री के द्वारा वर्ष 2007 में किया जा चुका है ;

3। क्या यह बात सही हैकि छात्रावास का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है ;

4।यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, अगर हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--

श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
संख्या-अल्प-5, क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1। क्या यह बात सही हैकि अररिया जिला में वर्ष 2004 में 90 लाख रुपया की लागत से अल्पसंख्यक छात्रावास के निर्माण का कार्य आरंभ किया गया था, जो लगभग 2010 में ही पूर्ण हो गया है ;

2। क्या यह बात सही हैकि उक्त छात्रावास में अबतक छात्रों के रहने के लिए अनुमति नहीं दी गई है जिस कारण छात्रावास की निर्माण का कोई लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है ;

3।यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त छात्रावास में छात्रों के रहने हेतु अनुमति देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

------

श्री गोपालजी ठाकुर, स०वि०स० से प्राप्तअतारांकि प्रश्न ।
संख्या-अल्प-6, क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1। क्या यह बात सहीहैकि दरभंगा जिला के बेनीपुर अनुमंडल में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए कोई छात्रावास नहीं है ;

2।यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बेनीपुर अनुमंडल में अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

-------

डा० दाउद अली, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या-अल्प-7, क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1। क्या यह बात सही हैकि वक्फ नं०-2153/93 पटना जिलान्तर्गत महल्ला-गोलकपुर, वार्ड नं०-20, खेसरा नं०-130 एवं 183, सर्किल नं०-42, शीट नं०-100 एवं 103 कुल रकवा-1,112 डिस्मल पुस्तैनी कब्रिस्तान के बड़े हिस्से पर जगरनाथ महतो, मो० यासीन, मो० यूसूफ एवं अन्य असमाजिक तत्वों का अवैध कब्जा है ;

2। क्या यह बात सही है कि दिनांक-28.08.2011 को पटना जिला अवकाफ कमिटि द्वारा पूर्व में गठित कमिटि के सदस्यों पर लगाए गए आरोप के बावजूद उन्हीं और आरोपित सदस्यों को सम्मिलित कर बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड ने मैमो नं०-202 दिनांक-20.02.2013 को नया कमिटि गठित किया है ;

3। क्या यह बात सही हैकि उपरोक्त खेसरा के मूल मालिक खुदाबख्स शाह के वारिश के बिना सहमति के उनके पुस्तैनी कब्रिस्तान को मिल्लत कमिटि, गोलकपुर द्वारा वक्फ कर दिया गया है ;

4।यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा दिनांक-20.02.2013 को गठित कमिटि को रद्द करते हुए पुस्तैनी कब्रिस्तान को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ तोकबतक, नहीं तो क्यों?

-------

श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ईख-1, क्या मंत्री, गन्ना उधोग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं 2010-11में बिहार राज्य के हथुआ, सुगौली, लोहट, सकरी एवं श्याम चीनी निगम के से सम्बद्ध गन्ना कृषकों के बकाये ईख मूल्य की राशि 8.84 करोड़ रू० गन्ना कृषकों के भुगतान हेतु गोपालगंज, पूर्वचम्पारण, मधुबनी, दरभंगा के समाहर्त्ताओं को उपलब्ध कराया गया है था,

2. क्या यह बात सही है कि अबतक बिहार राज्य चीनी निगम के ईकाइयों से सम्बद्ध गन्ना कृषकों को बकाये ईख मूल्य 8.84 करोड़ रू० का भुगतान नहीं की गई है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो बकाये मूल्य का कबतक भुगतान कराने का विचार रखती है ?

Optimized by www.ImageOptimizer.net

श्री परमानन्द ऋषिदेव, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-परि-1, क्या मंत्री, सांख्यिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि अररिया जिला का प्रखंड मुख्यालय रानीगंज जिले का एक बड़ा व्यापारिक केन्द्र है परन्तु वहाँ ए.टी.एम. की संख्या मात्र एक है और वह भी प्राय: खराब ही रहता है,

2. यदि उपरोक्त प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार रानीगंज में दो और अतिरिक्त ए.टी.एम. खोलवाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री रमेश ऋषिदेव, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-परि-2, क्या मंत्री, सांख्यिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के श्री पुर रोटा पंचायत के गोपालपुर ग्राम में बैंक नहीं है,

2. क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में बैंक नहीं होने से आमजनता एवं व्यापारी को लेन-देन करने में काफी कठिनाई होती है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार गोपालपुर में सरकारी बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या-परि-3, क्या मंत्री, सांख्यिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1। क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखंड के अधीन बन्देरा ग्राम में कार्यरत ग्रामीण बैंक को वर्ष 2011 में मड़ैया ग्राम में स्थानान्तरित कर दिया गया है, जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों को इन्दिरा आवास, वृद्धा, पेंशनादिक की राशि का भुगतान होने में काफी कठिनाई हो रही है ;

2। क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीण बैंक की सामग्री यथा लॉकर, आलमीरा, टेबुल, कुर्सी आदि अभी भी बन्देरा गांव के पूर्व में संचालित हो रहे भवन में पड़ा हुआ है ;

3। यदि उपरोक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ग्रामीण बैंक की शाखा को पुन: बन्देरा ग्राम में संचालित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

--------

श्री राजेश्वर राज, स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं0-सू-1, क्या मंत्री सूचना एवं प्राविधिकी विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 10+2 विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य बनाये जाने संबंधी वर्ष 2010 में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुरूप रोहतास जिला के संझौली प्रखंडान्तर्गत गौरी शंकर उच्च विद्यालय, संझौली, के. के. उच्च विद्यालय, संझौली, परशुराम नगर उच्च विद्यालय, पुलकार, उच्च विद्यालय, गंगाजल मठ का वर्ष-2008-09 में 10+2 में उत्क्रमण के चार वर्ष बाद भी छात्र-छात्राएं कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित हैं, यदि हां तो वर्णित विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा अभी तक उपलब्ध नहीं कराये जाने का औचित्य क्या है?

श्री राजेश्वर राज, स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं0-सू-2, क्या मंत्री, सूचना एवं प्रविधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 10+2 विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य है,

2. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत उच्च श्रेष्ठ विद्यालय, विक्रमगंज, उच्च विद्यालय तेन्दुनी, उच्च विद्यालय धनगाई, उ0वि0 कुसुम्हरा, उ0वि0 कस्तर, एवं उ0वि0 शिवपुर का वर्ष 2008-09 में +2 में उत्क्रमण के पश्चात अभी तक छात्र-छात्राएं कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित हैं,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त वर्णित विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा की पढ़ाई शुरू कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

Optimized by www.ImageOptimizer.net